**सवाल**
कैसे चलेगा
धरती पर हल ?
जब मिलेगा जालौर, बाड़मेर, सिरोही, को माही का जल



!!श्री करणी कृपा !!
सिंध में बण संवली, कबुएक दंभी कूप। भक्तो कारण करणी धरे अनेकों रुप।।

# राजस्थान किसान संघर्ष समिति (रजि.)

पंजीकृत कार्यालय- श्री करणी धाम पंचदेवल,नरपुरा (जालोर)

**जालौर, बाड़मेर, सिरोही**
क्षेत्र के लिए हमारे
हक का माही बेसिन जल
(कडाणा बांध गुजरात से )
पेयजल एवं सिंचाई हेतु
दिया जाए
**विशेष परिशिष्ट**

## खुशहाली व तरक्की के लिए माही का पानी जरुरी

राजस्थान का पश्चिमी हिस्सा सदियों से कम वर्षा की वजह से विकट परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। कम वर्षा से नदियां सुख गयी है,कुओं का भू-जल स्तर रसातल में पहुँच गया है। जनता रोजगार के लिए पलायन कर रही है। पेड़-पौधें, जीव-जंतु,आम जनता पानी के लिए मोहताज है।

राजस्थान व गुजरात सरकार के 1966 के समझौते का माही परियोजना प्रोजेक्ट आज भी कागजों में रेंग रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत कडाणा बांध से हाई लेवल कैनाल का निर्माण करके 28 टीएमसी (04 जवाई बांध बराबर ) जालोर,सिरोही,बाड़मेर को सिंचाई एवं पेयजल हेतु दिया जाना था मगर गुजरात सरकार ने 337 किमी. लम्बी सुजलाम-सुफलाम नहर बनाकर अपने राज्य के किसानों को तो खुशहाल कर दिया साथ ही राजस्थान के हिस्से के पानी से स्वयं के हिस्सों को सिंचित कर रहा है जो नियम एवं शर्तो का उल्लंघन है।

इस मनमर्जी के खिलाफ सरकारी स्तर के साथ-साथ बड़े स्तर पर आम जनता को भी राजनीतिक प्रयास करने की जरुरत है।

हम सब आमजन एकजुट होकर अगर इस भागीरथी प्रयास को लेकर सहयोग करेंगे,आंदोलन की आवाज को किसी भी माध्यम से बुलंद करके सत्ता में बैठे नेताओं तक पहुँचायेंगे तो निश्चित तौर पर माही का पानी आएगा,खेत भी लहलायेगे, रोजगार आएगा व हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। किसान व आमजन की समृद्वि से बाजार भी मजबूत होंगे व तरक्की के दरवाजे खुलेंगे।

कलम से
विक्रम सिंह पुनासा प्रदेश संयोजक

**माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत** ने मुख्यमंत्री **बजट घोषणा वर्ष 2023-24** में बिंदु संख्या 173(x ) में पश्चिमी राजस्थान (जालोर-बाड़मेर-सिरोही) के लिए माही बेसिन जल उपलब्ध करवाने हेतु सर्वे एवं डी.पी.आर. हेतु घोषणा की। इस पर माननीय मुखयमंत्री महोदय का आभार व्यक्त कर इस पर शीघ्र कार्यवाही के लिए राजस्थान किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए...





समस्त किसान,मजदूर व आमजनता से अनुरोध है कि माही बेसिन जल को लेकर चल रहे आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाए ताकि हम अपने खेत,अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर सके। साथियो राजस्थान व गुजरात के बीच 10 जनवरी 1966 के समझौते के बाद कडाना बांध का निर्माण 1968 में शुरु हुआ और 1979 मैं निर्मित हुआ । समझौते के मुताबिक गुजरात के खेड़ा जिले में नर्मदा का पानी पहुंचते ही कडाणा बांध से जालोर बाड़मेर को बांध का 2 /3 हिस्सा पानी दिया जाना था । वर्ष 2005 में खेड़ा जिले में नर्मदा का पानी आ गया उसके बाद माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी को इस मामले से अवगत करवाया तथा राजस्थान सरकार ने भी कई बार गुजरात सरकार से इस मामले को लेकर पत्र व्यवहार किए लेकिन कोई सकारात्मक जबाब नही मिला और साथ ही राजस्थान सरकार की बिना सहमति के "सुजलाम-सुफलाम" नहर बना दी । कडाना बांध से औसत 17 जवाई बांध (125 टीमसी) पानी समुंदर में प्रतिवर्ष जा रहा है लेकिन हमारे नेता विधानसभाओं में चर्चा करते रहे एवं स्थानीय नेताओं ने इस मामले में चुप्पी ले रखी है। जालोर, बाड़मेर व सिरोही के किसानों ने इसको लेकर मांग उठाई व माही के पानी को लाने के उद्देश्य से राजस्थान किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने इस मामले को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री महोदय से कई मर्तबा मिले। राज्य सरकार से लेकर सांसद व विधायक तक ज्ञापन दिए । हाल ही में इसको लेकर माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बजट घोषणा की पालना में इसकी डीपीआर बनाने की कार्यवाही शुरु कर दी है जो आंदोलन की एक दूसरी बड़ी जीत है। पूर्व मे केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार होने के बावजूद नहर नही ला पाए मात्र चुनावी घोषणा पत्र में लेकर मामले को हवाहवाई कर चुके।हमारा क्षेत्र के किसानों,मजदूरों व आमजन से अपील है कि इसमें सहयोग करें। जब तक पानी नही मिलेगा तब तक RKSS की जंग जारी रहेगी।

कलम से- केशर सिंह राठौड़
सह संयोजक,राजस्थान किसान संघर्ष समिति

## जालोर, बाड़मेर, सिरोही क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई हेतु माही जल उपलब्ध करवाने को लेकर

महान गांधीवादी नेता,भारत रत्न एवं स्वतंत्रता सेनानी आचार्य विनोबा भावे जी की जयंती से..

# माही जलक्रांति यात्रा

## 11 सितंबर 2023 से 29 सितम्बर 2023 तक

**1100+ किलोमीटर**
**400+ गांव**
**300+ जनसभाएं**
**20+ दिन**

**दिनांक- 11 सितम्बर 2023**
श्री करणी धाम, नरपुरा
प्रस्थान- सुबह 10:00 बजे
11:15 बजे - नून
12:15 बजे - सांथू
01:00 बजे - बागरा
01:30 बजे - आकोली
02:00 बजे - सियाणा
03:00 बजे - रायपुरिया
03:50 बजे - वराड़ा
04:30 बजे - बरलूट
05:00 बजे - जावाल
06:00 बजे - सिरोही
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक 12 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - जिला मुख्यालय
11:30 बजे - रामपुरा
12:00 बजे - अणगौर
01:00 बजे - डोडूआ
01:30 बजे - कालन्द्री
02:00 बजे - मोहब्बतनगर
02:30 बजे - पुनग कला
03:00 बजे - झाक
03:20 बजे - माण्डोली
04:00 बजे- बिबलसर
04:30 बजे - देलदरी
05:00 बजे - रामसीन
(रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 13 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - सिकवाड़ा
10:30 बजे - चान्दणा
11:00 बजे - तातोल
12:00 बजे - बूगांव
12:30 बजे - गोलाणा
01:00 बजे - जसवन्तपुरा
01.30 बजे - चेकला
02:00 बजे - डोरड़ा
02:30 बजे - पावली
03:00 बजे - मुन्थला काबा
03:30 बजे - देलवाड़ा
04:00 बजे - भरूड़ी
05:00 बजे - तवाव
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 14 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - थुर चौराहा
10:30 बजे - मुडतरा सिली
11:00 बजे - सोमता
11:30 बजे -जोड़वाड़ा
12:00 बजे - लूर
12:30 बजे - बासड़ा धनजी
01:00 बजे- मोदरां
01:30 बजे - सेरणा
02:00 बजे - धानसा
02:30 बजे - थलवाड़
04:00 बजे - पांथेड़ी
04:30 बजे - पोषाणा
05:00 बजे - सियावट
06:00 बजे - भूण्डवा
(रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 15 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - तालियाना
11:00 बजे - जीवाणा
11:30 बजे - सांगाणा
12:00 बजे - आलवाड़ा
12:30 बजे - दूदवा
1:30 बजे - मेगलवा
2:00 बजे - बावतरा
2:30 बजे - चौराऊ
3:00 बजे - वालेरा
05:00 बजे - सायला
05:30 बजे - विराणा
6:00 बजे - रेवतड़ा
(रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 16 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - आलासन
10:30 बजे - केशवना
11:00 बजे - सांफाड़ा
11:30 बजे - तीखी
12:00 बजे- बिशनगढ़
12:30 बजे - माण्ड्वला
01:00 बजे - ऐलाना
01:30 बजे - गोल (उम्मेदाबाद )
02:00 बजे - खरल
02:30 बजे - ओटवाला
04:30 बजे - पूनावास
05:00 बजे - सुराणा
(रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 17 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - तिलोड़ा
10:30 बजे - दादाल
11:00 बजे - बागोड़ा
12:00 बजे - चेनपुरा
12:30 बजे - बगोटी
01:00 बजे- नवापुरा
02:00 बजे - राऊता
02:30 बजे- मौरसीम
03:00 बजे - भालणी
04:00 बजे- लाखणी
05:00 बजे - गांवडी
05 : 30 बजे - धुम्बड़िया
(रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 18 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - नरसाणा
10:30 बजे - डूगंरवा
11:00 बजे - मेड़ा
12:00 बजे - कुका
12:30 बजे - वाड़ा भाड़वी
01:00 बजे - थोबाऊ
01:30 बजे - जोगाऊ
02:30 बजे - सारियाणा
03:00 बजे - जैलातरा
03:30 बजे - फागोतरा
04:00 बजे- पूनासा
05:00 बजे - दांतिवास
(रात्रि विश्राम )

**दिनांक- 19 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - कोड़का
10:30 बजे - सामरानी
11:00 बजे - करड़ा
11:30 बजे - खारा
12:00 बजे - वोढा
01:00 बजे - अरणाय
01:30 बजे- धानता
02:00 बजे - पूर
02:30 बजे - दाता
03:30 बजे - सरनाऊ
04:00 बजे - सांकड़
04:30 बजे - गुन्दाऊ
05:00 बजे - सेवाड़ा
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 20 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - कुड़ा
11:00 बजे - हरसवाड़ा
12:00 बजे - गोंग
12:30 बजे - रानीवाड़ा
01:00 बजे - सिलासन
01.30 बजे - बरेठा
02:00 बजे - आलड़ी
02:30 बजे - रोपसी
03:30 बजे - वणदर
04:00 बजे - चाटवाड़ा
05:00 बजे - भीनमाल
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 21 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - खानपुर
11:00 बजे - कोटकास्ता
12:00 बजे - लेदरमेर
12:30 बजे - बोरटा
01:00 बजे - पादरा
01.30 बजे - दासपा
02:00 बजे - कोरा
02:30 बजे - विशाला
03:00 बजे - कोमता
03:30 बजे - लुणावास
04:00 बजे - मिण्डावास
05.00 बजे - कालेटी
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 22 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - दांमण
11:00 बजे - राह
12:00 बजे - जैरण
01:00 बजे - सेवड़ी
01:30 बजे - जुंजाणी
03:00 बजे - निम्बावास
03:30 बजे - नोहरा
04:00 बजे - किरवाला
06.00 बजे - कानीवाडा
हनुमान जी मंदिर
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 23 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - छिपरवाड़ा
11:00 बजे - थांवला
12:00 बजे - हरजी
12:30 बजे - उम्मेदपुर
01.00 बजे - वेदाणा
01:30 बजे - गुड़ा बालोतान
02.30 बजे - गंगावास
03:00 बजे - दयालपुरा
03:30 बजे - चरली
04:00 बजे - सनवाड़ा
05:30 बजे - आहोर
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 24 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - काम्बा
11:00 बजे - जोगणी
12:00 बजे - भाद्राजून
12:30 बजे - नोरवा
01:00 बजे - शंखवाली
01.30 बजे - चांदराई
02:00 बजे - भूती
02:30 बजे - कंवला
03:00 बजे - रोडला
03:30 बजे - बिठुड़ा
04:00 बजे - भैंसवाड़ा
05.00 बजे - गोदन
05.30 बजे- सांकरणा
06.00 बजे - लेटा
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 25 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - धवला
11:00 बजे - नारणावास
12:00 बजे - बागरा
12:30 बजे - धानपुर
01:00 बजे - भागली
01.30 बजे - रेवत
02:00 बजे - कलापुरा
02:30 बजे - डकातरा
03:00 बजे - बैरठ
03:30 बजे - बाकरा
04:00 बजे - बाकरा रोड़
05.00 बजे - सरत
05.30 बजे- मडगांव
06.00 बजे - जालोर
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 26 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - जालोर शहर
11:00 बजे - काठाड़ी
12:00 बजे - रमणिया
12:30 बजे - धीरा
01:00 बजे - मांगी
01.30 बजे - जीनपुर
02:00 बजे - सैला
02:30 बजे - कुण्डल
03:00 बजे - रैलों की ढाणी
03:30 बजे - कांरवी
04:00 बजे - पादरु
05.30 बजे- धनवा
06.00 बजे - मीठा
( रात्रि विश्राम पादरु रामदवजी यात्री भवन )

**दिनांक - 27 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - खेड़ा
11:00 बजे - हेमा की ढाणी
12:00 बजे - चांडो की ढाणी
12:30 बजे - सिंणधरी शहर
01:00 बजे - कमठाई
01.30 बजे - डंडाली
02:00 बजे - करणा
02:30 बजे - भुंखा
03:00 बजे - लोहिड़ा
03:30 बजे - दांखा
04.00 बजे - मिठौड़ा
05.00 बजे- धारणा
06.00 बजे - सिनेर
( रात्रि विश्राम )

**दिनांक - 28 सिंतबर 2023**
10:00 बजे - इंद्राणा
10:30 बजे - मोठली
11:00 बजे - थांपण
12:00 बजे - कुसीप
01:00 बजे - मेली
01.30 बजे - देवड़ा
02:00 बजे - फूलण
02.30 बजे - करमावास
03:00 बजे - समदड़ी
03.30 बजे - राणी देशीपुरा
04.00 बजे -भानावास
04.30 बजे - भलरो का वाड़ा
05.00 बजे - अजीत
05.30 बजे - महेशनगर
( रात्रि विश्राम समदड़ी )

**दिनांक - 29 सिंतबर 2023**
09:00 बजे - रामपुरा
10:00 बजे - ढ़ीढस
10:30 बजे - मजल
11:00 बजे - अम्बो का वाड़ा
11:30 बजे - कोटड़ी
12.00 बजे - कमो का वाड़ा
12:30 बजे - अर्थण्डी
01:00 बजे - खण्डप
01:30 बजे - नीलकण्ठ
02:00 बजे - सरवड़ी
03.00 बजे - राखी
03.30 बजे- लूदराड़ा
04.00 बजे - माहिलावास
04.30 बजे - मवड़ी
05.00 बजे - सिवाना ( समापन )

**इस अभियान से जुड़ने एवं यात्रा की जानकारी के लिए**
98872-08801
www.mahaijalkranti.com
/mahijalkranti


श्री करणी धाम नरपुरा में राजस्थान किसान संघर्ष समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन संत महात्मा


सिरोही विधायक महोदय संयम लोढ़ा से मुलाकात कर WRCP से पश्चिमी राजस्थान के जालौर,बाड़मेर,सिरोही को सिंचाई का पानी देने के बारे में अवगत करवाकर मुद्दे को उठाने का अनुरोध किया।

Print By:- Mind Mafia Jaipur @98872028801



**माननीय महेन्द्रजीतसिंह मालवीया** जल संसाधन मंत्री महोदय को माननीय सुखरामजी विश्नोई मंत्री महोदय के साथ माही नदी के ओवरफ्लो पानी को जालोर - बाड़मेर-सिरोही के लिए उपलब्ध करवाने हेतु ज्ञापन देते हुए विक्रमसिंह पुनासा, बद्रीदान नरपुरा, केशरसिंह सिवाणा, जयवीर गोदारा एवं हीराराम चौधरी जैलातरा

**माननीय पुखराज पाराशर** अध्यक्ष जन अभाव अभियोग निराकरण समिति, राजस्थान सरकार से माही बेसिन जल को उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए विक्रमसिंह पुनासा एवं बद्रीदान नरपुरा





# R.T. I. के तहत प्राप्त सबूतों के आधार पर सारगर्भित तथ्य

**राजस्थान व गुजरात सरकार के बीच माही नदी जल बँटवारा समझौता दिनांक 10.01.1966 के तहत जालोर व बाडमेर क्षैत्र में पेयजल एवं सिंचाई हेतु अपने हक का पानी उपलब्ध करवाने के मामले में राजस्थान सरकार, गुजरात सरकार, केन्द्र सरकार आदि के विभागों/कार्यालयों से पानी के मामले को लेकर गत 4 वर्षों में 121 बार R. T. I. लगाकर लगभग 1795 पृष्ठो में सबूत प्राप्त किये जिसके आधार पर सारगर्भित तथ्य एवं संबंधित कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण निम्न**

**01.** माही नदी के जल को लेकर राजस्थान सरकार व गुजरात सरकार के बीच माही जल बँटवारा समझौता दिनांक 10.01.1966 के तहत राजस्थान में माही बांध व राजस्थान व गुजरात की सीमा पर गुजरात में कडाणा बांध का निर्माण हुआ।

**02.** कडाणा बांध के निर्माण के तहत बांध के डूब क्षैत्र में 132 गांव बांसवाडा व डूंगरपुर (राजस्थान) के और 53 गांव गुजरात के प्रभावित हुए तथा उन गांवों के परिवारों को अन्यत्र बसाया गया।

**03.** खोसला कमेटी की रिपोर्ट एवं माही जल बँटवारा समझौता 10.01.1966 तथा आर.टी.आई. से प्राप्त दस्तावेजों से स्पष्ट होता है कि कडाणा बांध के माही जल से गुजरात के खेड़ा जिले का सिंचित होने वाला क्षैत्र जब नर्मदा जल से सिंचित होने लगेगा तब कडाणा बांध के जल का एक भाग राजस्थान में बांध के भराव क्षैत्र के अनुसार 2/3 हिस्से का 28 टी. एम. सी. पानी (करीबन 4 जवाई बांध के बराबर) कडाणा बांध से 320 किलोमीटर हाईलेवल कैनाल गुजरात की सीमा में से गुजरात द्वारा पश्चिमी राजस्थान के सूखा प्रभावित क्षैत्र जालोर एवं बाड़मेर को पेयजल एवं सिंचाई हेतु दिया जायेगा तथा राजस्थान के हिस्से में आने वाले पानी की मात्रा के अनुसार राजस्थान सरकार गुजरात को बांध निर्माण की लागत का पुनर्भुगतान करेगी। इसी तरह बांसवाड़ा के माही बांध में गुजरात हेतु 40 टी. एम. सी. पानी (लगभग 5 जवाई बांध भरे जाने से भी ज्यादा) आरक्षित रखा जायेगा तथा जब कडाणा बांध से खेड़ा जिला माही जल की जगह नर्मदा जल से सिंचित होने लगेगा तब गुजरात माही बांध में अपने लिए आरक्षित रखे जाने वाले 40 टी.एम.सी. (लगभग 5 जवाई बांध भरे जाने से भी ज्यादा) पानी पर से राजस्थान के लिए अपना हक त्याग देगा तथा माही बांध निर्माण में गुजरात द्वारा वहन की गई राशि का पुनर्भुगतान राजस्थान द्वारा गुजरात को किया जायेगा।

**04.** दिनांक 10-01-1966 माही जल बँटवारा समझौते की पालना में वर्ष 1979 में कडाणा बांध केनिर्माण के बाद हाईलेवल कैनाल निर्माण हेतु राजस्थान सरकार ने गुजरात सरकार से पत्राचार / बैठकें आयोजित कर वार्ता की मगर गुजरात सरकार ने यह कह कर हाईलेवल कैनाल निर्माण करने से मना कर दिया कि कैनाल निर्माण में गुजरात के कास्तकारों की बड़ी मात्रा में बेशकिमती जमीन कैनाल के नीचे जाने के कारण काश्तकारान आन्दोलन पर उतारु हैं। गुजरात सरकार द्वारा समझौते की पालना से मुकरने पर राजस्थान सरकार ने राजस्थान की सीमा में से ही डूंगरपुर जिले के टीमूरवा गांव( माही नदी ) से जालोर में भीनमाल तहसील के बिसाला गांव तक 259 कि.मी. लम्बी सुरंग / नहर से उक्त पानी जालोर व आगे बाड़मेर के लिये पेयजल एवं सिंचाई हेतु लाना प्रस्तावित किया जिसमें करीबन 32 लाख बीघा जालोर - बाड़मेर की कृषि भूमि सिंचित होना प्रस्तावित था। सन् 1984 में एक वृत की भी स्वीकृति हो गई थी। उक्त योजना की Tentative Cost 3340 करोड़ थी लेकिन सन् 1988 में उक्त योजना रोक दी गई।

**05.** गुजरात सरकार ने नर्मदा ट्रिब्यूनल के समक्ष सम्पूर्ण गुजरात (खेड़ा जिला सिंचित करने सहित) के लिए 8 MAF नर्मदा जल आवंटन करने हेतु शपथ-पत्र दिया लेकिन नर्मदा ट्रिब्यूनल ने गुजरात सरकार को मांग से अधिक 9 MAF नर्मदा जल आवंटित किया। जबकि वहीं राजस्थान को नर्मदा ट्रिब्यूनल ने मात्र 0.5M.A.F. अर्थात् गुजरात को आवंटित नर्मदा जल का 18 वां भाग जल ही आवंटित किया।

**06.** गुजरात का खेड़ा जिला नर्मदा जल से वर्ष 2005 से सिंचित होने लगा। समझौते की शर्त के मुताबिक गुजरात राज्य द्वारा हमें हमारे हक का पानी वर्ष 2005 से दिया जाना था जो आज दिन तक नहीं दिया गया है।

**07.** वर्ष 2006 से गुजरात सरकार ने कडाणा बांध से हमारे हक के पानी को हमें नहीं देकर राजस्थान की बिना सहमति के 337 किलोमीटर लम्बी सुजलाम सुफलाम कच्ची नहर (करीबन 100 फीट चौड़ी a 50 फीट गहरी है) जो गुजरात की सीमा में हाईलेवल कैनाल के समरुप है, बनाई। जिसमें आज दिन तक हमारे हक के पानी का भी उपयोग गुजरात सरकार कर रही है तथा माही बांध के पानी पर भी गुजरात राज्य ने अपना अधिकार नहीं त्यागा है।

**08.** नर्मदा मुख्य नहर उप समिति की तैंतीसवीं बैठक दिनांक 04.10.2017 को गांधी नगर में आयोजित की गई। जिसमें यह स्पष्ट हो गया है कि खेड़ा जिला नर्मदा जल से पूर्णरूप से विकसित हो गया है।

**09.** माही बांध के आगे बेणेश्वर धाम के पास माही नदी में सोम व जाखम नदियाँ भी उसके साथ में आकर मिलती हैं और मानसून में माही बेसिन का अथाह पानी (तीनों बांधों के ऑवरफ्लो के कारण) कडाणा बांध के भराव के बाद ऑवरफ्लो होकर 1984 से 2022 तक औसतन प्रतिवर्ष 125 T.M.C. (एक वर्ष में 17 बार जवाई बांध भर जाये) पानी व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है।

**10.** माही जल बँटवारा समझौता 10.01.1966 के पैरा संख्या-1 व 5 की पालना हेतु राजस्थान सरकार गुजरात सरकार को कई बार बैठक आयोजित करने हेतु पत्र व्यवहार किये मगर गुजरात सरकार आज दिन तक ना तो बैठक हेतु तारीख तय की और ना ही पत्रों का जबाव दिया।

**11.** राजस्थान किसान संघर्ष समिति ने सूखा प्रभावित एवं पानी की गंभीर समस्या से हमेशा ग्रसित जालोर - बाड़मेर के लिये पेजयल व सिचांई हेतु माही बेसिन जल उपलब्ध करवाने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर में RTI के आधार पर रिट (जनहित याचिका) संख्या - 3637/2021 दर्ज करवाई।

12. माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर ने इस रिट पर राजस्थान सरकार व केन्द्र सरकर से जबाव मांगा। राजस्थान सरकार ने अपने जबाव में बताया कि जालोर व बाड़मेर में पानी की गंभीर समस्या है। और यदि इस क्षेत्र में माही और कडाणा बांध का ऑवरफ्लो पानी उपलब्ध करवाया जावे तो क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आमजन लाभान्वित होंगे।

**13.** माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर ने बाद सुनवाई के दिनांक 18.11.2022 को राजस्थान किसान संघर्ष समिति द्वारा जनहित याचिका (रिट) में बताये गये चार सुझावों में से किसी एक सुझाव पर या सरकार अपने स्तर पर अन्य कोई उचित उपाय सोचकर जालोर - बाड़मेर में पेयजल व सिंचाई की सुविधाओं के लिए माही बेसिन जल उपलब्ध करवाने हेतु प्लान बनाकर पेश करने हेतु राजस्थान सरकार को निर्देश दिये।

**14.** राजस्थान सरकार ने माननीय न्यायालय के निर्देश की पालना हेतु आवश्यक जांच व प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने हेतु दिनांक 10.01.2023 को उच्च अधिकारियो की टीम गठित की।

**15.** माननीय अशोकजी गहलोत, मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार ने किसानों की मांग एवं किसानों के हितों को देखते हुए मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2023-24 में बिन्दु संख्या - 173 (x) पश्चिमी राजस्थान (जालोर, बाडमेर व सिरोही) के लिये माही बेसिन जल उपलब्ध करवाने हेतु सर्वे एवं डी. पी. आर. की घोषणा की।

**16.** माननीय मुख्यमंत्री महोदय की उक्त बजट घोषणा की पालना में श्रीमान् मुख्य अभियन्ता जल संसाधन सम्भाग, जोधपुर ने अपने पत्र क्रमांक 5138 दिनांक 09.03.2023 के द्वारा श्रीमान् मुख्य अभियन्ता जल संसाधन विभाग, जयपुर को पत्र लिखकर सर्वे एवं डी. पी. आर. समय पर सम्पन्न करने हेतु सक्षम एजेन्सी को विधिवत कार्य देने का निवेदन किया।

**17.** श्रीमान् मुख्य अभियन्ता राजस्थान रिवर बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 00033/2023 दिनांक 22.03.2023 (बैठक 21.03.2023) के तहत उक्त बजट घोषणा की पालना में निम्नलिखित बिन्दुओं पर सर्वे करने हेतु एक उप समिति गठित की गई है जो संयुक्त समिति के नेतृत्व में कार्य करेगी।

I - माही बेसिन में उपलब्ध अधिशेष / ओवरफ्लो जल एवं पिछले 30 वर्षों में कुल जल आवक की गणना।

II- माही बेसिन जल को राजस्थान की सीमा में ही डायवर्ट करने हेतु उपयुक्त स्थान का चयन।

III - माही बेसिन जल को लूणी बेसिन में डायवर्ट कर जालोर जिले के प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र तक पहुंचाने हेतु उचित मार्ग का चयन।

IV - माही बेसिन के महत्वपूर्ण स्थानों के फील्डलेवल की जांच।


V- माही बेसिन व लूणी बेसिन के गूगल मेप।


**18.** उपर्युक्तानुसार राजस्थान किसान संघर्ष समिति अपने क्षेत्र में माही बेसिन जल उपलब्ध करवाने हेतु कृतसंकल्पित है-

विक्रमसिंह पुनासा
(विक्रमसिंह पुनासा)
प्रदेश संयोजक
राजस्थान किसान संघर्ष समिति


23/4/23
(बद्रीदान नरपुरा)
प्रदेश अध्यक्ष
राजस्थान किसान संघर्ष समिति


## माननीय अशोक गहलोत मुख्यमंत्री महोदय का गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय माननीय नरेंद्र मोदी को कडाणा बांध के जल को लेकर लिखा पत्र







## माननीय अशोक गहलोत मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान का माननीय पवन बंसल केंद्रीय जल संसाधन मंत्री महोदय को लिखा पत्र







## राजस्थान के प्रमुख व मुख्य सचिव महोदय द्वारा गुजरात के प्रमुख व मुख्य सचिव महोदय को माही जल समझोता की पलना हेतु पत्र













## राजस्थान किसान संघर्ष समिति द्वारा माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री महोदय को ज्ञापन सौपां













## माननीय उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका






## माननीय उच्च न्यायालय,जोधपुर का आदेश








## जल शक्ति मंत्रालय,दिल्ली को लिखे पत्र का जवाब




## राजस्थान व गुजरात के बीच का समझौता







## अध्यक्ष बद्रीदान नरपुरा की लगाई RTI का जवाब





**माननीय राजेन्द्रसिंह राठौड़,** प्रतिपक्ष नेता राजस्थान विधासभा को आर. टी. आई. से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जालोर - बाड़मेर-सिरोही के लिए माही बेसिन जल (गुजरात के कडाणा बांध का 2 / 3 हिस्सा) का प्रमाणित हक के क्रियान्वित हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए राजस्थान किसान संघर्ष समिति, जालोर-बाड़मेर के पदाधिकारी विक्रमसिंह पुनासा, बद्रीदान नरपुरा, केशरसिंह सिवाणा एवं हनुमानसिंह खांगटा।

